संख्या-13/2016/6781/नौ-5-15-224बजट/2015

प्रेषक,

रंग बहादुर सिंह,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्, सिरसागंज,
जनपद-फिरोजाबाद।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ : दिनांक 21 जनवरी, 2016

विषयः-वित्तीय वर्ष 2015-16 में मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुपालन में नगर पालिका परिषद्, सिरसागंज में जल निकासी के कार्यो हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति व प्रथम किश्त के रूप में धनराशि अवमुक्त किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, सिरसागंज जनपद-फिरोजाबाद के पत्र संख्या-398/एमबीएस/2015-16, दिनांक 23.11.2015 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुपालन में नगर पालिका परिषद्, सिरसागंज में जल निकासी के कार्यो हेतु संलग्न सूची में उल्लिखित 12 विभिन्न नालों के निर्माण से सम्बन्धी कार्यो के लिये प्रस्तावित कार्य योजना के सापेक्ष ₹ 295.65 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा इसके सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में ₹ 148.00 लाख (रू0 एक करोड़ अड़तालिस लाख मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने पर श्री राज्यपाल निम्नलिखित विवरण, शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु निकाय द्वारा प्रस्तुत बिल सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा यथाप्रक्रिया प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा, जिसे सम्बन्धित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी द्वारा निकाय के खाते में सीधे जमा किया जायेगा। यह कार्यवाही शीर्ष प्राथमिकता पर सम्पादित की जायेगी तथा निकाय द्वारा बीजक प्रस्तुत किये जाने की तिथि से 03 दिवस के अन्दर धनराशि निकाय के खाते में अन्तरित कर दी जायेगी।

(2) निकायों द्वारा स्वीकृत धनराशि निर्धारित अवधि में उन्हीं कार्यो पर व्यय की जायेगी, जिसके लिए स्वीकृत की गयी है। आहरित धनराशि किसी अन्य बैंक/डाकघर/पी.एल.ए./डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(3) नगर विकास विभाग के अन्तर्गत ड्रेनेज से सम्बन्धित कराए जाने वाले कार्यो के संबंध में निर्गत शासनादेश संख्या-3788/नौ-5-2012-111बजट/2010, दिनांक 09.10.2012 की व्यवस्थानुसार नगर निगमों द्वारा रू0 50.00 लाख तक, नगर पालिका परिषदों द्वारा 25.00 लाख तक तथा नगर पंचायतों द्वारा रू0 5.00 लाख तक के डेनेज संबंधी कार्य कराये जा सकेंगे। क्रमशः इससे अधिक के ड्रेनेज संबंधित कार्य सीएण्डडीएस, उ0प्र0 जल निगम द्वारा कराये जायेंगे।

(4) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(5) कार्य की विशिष्टयों, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित नागर निकाय/ कार्यदायी संस्था/जिलाधिकारी की होगी तथा कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण की जायेगी।

(6) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुसार किया जायेगा।

(7) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी भी दशा में धनराशि का व्यवर्तन अन्य किसी में न हीं किया जायेगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।

शासनादेश संख्या-13/2016/6781/नौ-5-15-224बजट/2015 दिनांक 21 जनवरी, 2016 का संलग्नक।

(धनराशि लाख ₹ में)

क्र0	जनपद का नाम	निकाय का नाम	निकाय द्वारा प्रस्तावित कार्य	आगणन में प्रस्तावित धनराशि के सापेक्ष प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1.	फिरोजाबाद	नगर पालिका परिषद्, सिरसागंज	1. करहल रोड पर उत्तर साइड में जल निकासी हेतु आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य।	24.69	
			2. करहल रोड पर दक्षिण साइड में जलनिकासी हेतु आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य।	24.16	
			3. सोथरा रोड पर पूर्वी साइड में जल निकासी हेतु आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य।	25.00	
			4. सोथरा रोड पर पश्चिमी साइड में जल निकासी हेतु आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य।	24.69	
			5. करहल रोड पर कब्रिस्तान के तालाब तक जल निकासी हेतु आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य।	24.16	
			6. सिरसाखास के तालाब से सिरसा नदी की तरफ जल निकासी हेतु आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य।	24.69	
			7. कब्रिस्तान के तालाब से नदी की तरफ जलनिकासी हेतु आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य।	25.00	
			8. इटावा रोड पर उत्तरी साइड में जलनिकासी हेतु आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य।	24.79	
			9. इटावा रोड पर दक्षिण साइड में जल निकासी हेतु आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य।	24.16	
			10. अरोंव रोड पर पूर्वी साइड में जल निकासी हेतु ईट के नाले का निर्माण कार्य।	24.91	
			11. अरोंव रोड पर पश्चिमी साइड में जल निकासी हेतु ईट के नाले का निर्माण कार्य।	24.58	
			12. वार्ड नं0 10 सिरसा रोड पर जल निकासी हेतु ईट के नाले का निर्माण कार्य।	24.82	
			योग	295.65	148.00

(रू0 एक करोड़ अड़तालिस लाख मात्र)

(रंग बहादुर सिंह)
उप सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2015-2016

आवंटन दिनांक-21/01/2016

प्रेषण संख्या:- 13

आवंटन आदेश संख्या:- 001-13-2016-6781-9-5-15-224B-2015

अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2015-2016 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 2215 - जल पूर्ति तथा सफाई(आयोजनागत-मतदेय)

02 - मल-जल तथा सफाई

107 - मल - जल सेवाएं

03 - सीवरेज एवं जलनिकासी हेतु व्यवस्था

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	योग
1	फिरोजाबाद-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	14800000 54370000	14800000 54370000
	योग	वर्तमान प्रगामी	14800000 54370000	14800000 54370000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया एक करोड़ अड़तालीस लाख

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया पाँच करोड़ तियालीस लाख सत्तर हजार

(उमा शंकर सिंह)

विशेष कार्याधिकारी